# ALL INDIA GOVERNMENT DRIVER'S FEDERATION

(Regd. No. S/00927 NE/2012/Dt. 13.06.12) Regd. Add. : B-8, Shastri Gali, Vill. Dayal Pur, N.D.-110094

(Recognised by All States/Union Territories Vide Their Individual Affiliated State Govt.)

*President*:
**Rampher Pandey**
(M) 9450018863
1/A, PWD Colony, 96, M.G. Marg,
Engg-in-Chief Complex
Opp. Raj Bhawan,
Lucknow-226001 (U.P.)

*Secretary General*
**Narender Singh (Delhi)**
(M) 9210274309
Off. Tel. No. : 23378128
Email : aigdf16@gmail.com
Web.: www.aigdf.org

Ref. No. AIGDF/2020/98 Date : 6-10-2020

## जन जागृति पत्र

सावधान सावधान सावधान

प्रिय साथियों,

श्री मिलनराज बंशी और श्री संदीप कुमार मोर्य की नियत में खोट है ये तो हम पहले से जानते थे परन्तु उन्होने कुछ संगठन विरोधी सेवानिवृत साथियों के साथ मिलकर फेडरेशन को तोडने की कोशिश की जिसका उदाहरण पिछले काफी समय से हो रहे पत्राचार को देखने से पता चलता है । जब हमारे व अन्य साथियो द्वारा किये जा रहे एकता प्रयास को कुछ स्वार्थी तत्वो के निजि हितो के वशीभूत होकर सफल होने बाधाये उत्पन्न की जाती रही । यही नही ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राइवर्स फेडरेशन के बैनर तले निर्वाचित क्षेत्रिय कार्यकारिणी सदस्य एवं कोषाध्यक्ष भी नियम संगत बातो को न समझने के कारण असफल एकता प्रयास करते रहे परन्तु श्री मिलनराज बंशी और श्री संदीप कुमार मोर्य संगठन को तोडने/छिन्न भिन्न करने के लिये किसी भी स्तर तक गिरने के लिये एकता प्रयासो को विफल करने में लगे रहे । अपनी स्वार्थपूर्ति तथा साथियों को गुमराह करते हुये श्री मिलनराज बंशी ने फेडरेशन के साथ जुडे कुछ साथियों को लेकर असंवैधानिक तरीके से आनन फानन में "ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राइसर्व कन्फेडरेशन" के नाम से एक संस्था खडी कर दी जिसका ना तो पंजीकरण कराया गया ना ही नाम के बारे में राज्य चालक समितियों से सहमति ली और ना ही कन्फेडरेशन के कोई नियम–उपनियम घोषित किये । कन्फेडरेशन के सदस्यों का कोई चुनाव नही कराया गया अतः धाधलेबाजी करके धन कमाने की इच्छा से चालक साथियों को गुमराह करते हुये ये संस्था बना डाली जो कि चालक एकता को तोडने का श्री मिलनराज बंशी की पूर्व निर्धारित मंशा थी, क्योकि नियमानुसार तो अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हो नही सके परन्तु उनके मन में अध्यक्ष बनने की एक धधक लगी हुई थी ।

साथियों 2016 मे उना, हिमाचल प्रदेश के अधिवेशन में श्री शांति स्वरूप के अनुसार अध्यक्ष पद का निर्णय ना आने के कारण उन्होने भी चालक साथियों को अपमानित तो किया था परन्तु फेडरेशन को तोडने के लिये कोई अनुचित कार्यवाही नही की । सन् 2013 गाजियाबाद अधिवेशन और 2016 में दिल्ली अधिवेशन में अध्यक्ष ना बन पाने पर श्री सुरेन्द्र कुमार सिहँ फेडरेशन के साथ बने रहे । श्री मिलनराज बंशी तो इतने गिरे

......2



Scanned with CamScanner

हुये है कि 2016 तक फेडरेशन के महासचिव और 2016 से अध्यक्ष रहते हुये भी फेडरेशन विरोधी कार्य किया और आखिरकार फेडरेशन को तोडने की निति अपनाई परन्तु जब 2020 में उनकी इच्छा अनुसार निर्णय नही आ पाया तो उन्होने विशेष आमसभा/ बैठक में दंगा /विवादित कराके अपने आप स्वम्भू अध्यक्ष घोषित करा दिया, चुनाव अधिकारी को भी अपमानित किया व धमकिया दिलवाई । चुनाव अधिकारी द्वारा 4 जनवरी 20 को कराये गये चुनाव पर प्रस्तुत रिर्पोट को स्वीकृत करने पर सर्वसम्मति से निर्वाचित महासचिव को धमकियॉ दिलवाई और स्वमं भी धमकी दी ।

साथियों, निर्णय आपके हाथ में आप ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राइवर्स फेडरेशन का साथ देगे या अपने निजि स्वार्थ में फेडरेशन को तोडने वाली विघटनकारी तत्वों और असंवैधानिक संस्था को समर्थन करेगे । मेरा सभी साथियों से अनुरोध है कि आप अपने विचार व्हाट्सएप के माध्यम से फेडरेशन के केन्द्रिय कार्यालय में दे सकते है ताकि कार्यकारिणी का विस्तार किया जा सके ।

हमारे कुछ निर्वाचित साथी फेडरेशन और कन्फेडरेशन में भागीदारी कर रहे है वे भी अपना मत स्पष्ट करे जिससे विधि संगत कार्यवाही हो सके ।

रामफेर पाण्डेय (signature)
(रामफेर पाण्डेय)
अध्यक्ष

नरेन्द्र सिंह (signature) 6.10.20
(नरेन्द्र सिहॅ)
महासचिव

Scanned with CamScanner